अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance...

IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

5 FEB., 2024

USEFUL FOR

IAS | PCS

& other civil services exams



Sunil Lawania

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

## 1. 14 फरवरी - अंतर्राष्ट्रीय मानव बंधुत्व दिवस




- अंतर्राष्ट्रीय मानव बंधुत्व दिवस हर साल 4 फरवरी को मनाया जाता है।
- यह दिन एकता की सुंदरता और विविधता में पाई जाने वाली ताकत की एक शक्तिशाली अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है।
- 21 दिसंबर, 2020 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मानव बंधुत्व दिवस की स्थापना की गई थी।

## 2. वर्ल्ड कैंसर डे 4 फरवरी को मनाया




- हरसाल 4 फरवरी को कैंसर डे मनाया जाता है.
- यह दिन आम लोगों के बीच कैंसर के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसके लक्षण और बचाव की जानकारी देने के उद्देश्य से मनाया जाता है.
- विश्व स्वास्थ्य संगठन की पहल पर साल 1933 में पहला कैंसर दिवस जिनेवा, स्विट्जरलैंड में मनाया गया था.

## 3. लालकृष्ण आडवाणी को 'भारत रत्न' मिलेगा



- 03 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीजेपी के वयोवृद्ध नेता लालकृष्ण आडवाणी को 'भारत रत्न' देने का ऐलान किया।
- 96 वर्षीय आडवाणी देश का सबसे बड़ा सम्मान पाने वाले बीजेपी के दूसरे नेता बन गए।
- लाल कृष्ण आडवाणी 50वें शख्स हैं, जिन्हें 'भारत रत्न' दिया जाएगा।
- आडवाणी से पहले 23 जनवरी को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न (मरणोपरांत) देने का ऐलान किया जा चुका है।
- पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी 'भारत रत्न' पाने वाले बीजेपी के पहले नेता हैं।
- केंद्र सरकार एक साल में 3 लोगों को 'भारत रत्न' से सम्मानित कर सकती है।
- 2015 में आडवाणी को देश के दूसरे सबसे नागरिक सम्मान 'पद्म विभूषण' से सम्मानित किया गया था।
- आडवाणी ने पूरे देश में एक हिन्दूवादी नेता के तौर पर पहचान बनाई।
- लाल कृष्ण आडवाणी का जन्म 8 नवंबर 1927 को कराची में हुआ था।

## 4. बनवारी लाल पुरोहित ने राज्यपाल के पद से इस्तीफा दिया



- 2. पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने निजी कारणों का हवाला देते हुए यह इस्तीफा दिया है।
- बनवारी लाल पुरोहित ने 2021 में पंजाब के 36वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली थी।
- तब पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस रवि शंकर झा ने पंजाब राजभवन में बनवारी लाल पुरोहित को पद की शपथ दिलाई थी।
- वह तीन बार लोकसभा सांसद रहे हैं और मध्य भारत के सबसे पुराने अंग्रेजी अखबार 'द हितवाद' के मैनेजिंग एडिटर भी रह चुके हैं।
- 1982 में उन्होंने महाराष्ट्र सरकार में शहरी विकास, स्लम सुधार और आवास राज्य मंत्री के रूप में भी काम किया।
- 16 अप्रैल 1940 को जन्मे पुरोहित ने नागपुर यूनिवर्सिटी से कॉमर्स की डिग्री हासिल की थी।

5. **INS संधायक विशाखापट्टनम में कमीशंड**



- आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में समुद्र की निगरानी बढ़ाने के लिए भारतीय नौसेना के सर्वे वेसल INS संधायक का कमीशन हुआ।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नेवी चीफ एडमिरल आर हरि कुमार की मौजूदगी में INS संधायक का कमीशन किया।
- इस दौरान राजनाथ सिंह ने कहा कि हिंद महासागर में हम सुरक्षा के मामले में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं।
- INS संधायक की रेंज 11 हजार किलोमीटर है और यह बंदरगाहों से लेकर समुद्री तटों तक की निगरानी करेगा।
- जहाज में बोफोर्स गन लगी है और जरूरत पड़ने पर इसमें चेतक हेलिकॉप्टर की भी तैनाती की जा सकती है।
- INS संधायक का पुराना वर्जन 1981 से 2021 तक इंडियन नेवी का हिस्सा रहा, जिसे 4 जून 2021 को रिटायर कर दिया गया
- इस शिप का मुख्य काम सर्वे और नेविगेशन को बेहतर बनाना है।

6. **फ्रांस UPI शुरु करने वाला पहला यूरोपीय देश बना**




- भारतीय दूतावास ने फ्रांस में पेरिस के एफिल टॉवर पर यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI) को औपचारिक रूप से लॉन्च किया। अब लोग UPI के जरिए एफिल टॉवर के टिकट बुक कर सकेंगे।
- यह लॉन्चिंग फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भारत यात्रा के बाद हुई है।
- 25 जनवरी को मैक्रों जयपुर पहुंचे थे, जिस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें UPI पेमेंट डिजिटल सिस्टम के बारे में जानकारी दी थी।

7. **भारतीय नौसेना ने 2024 को 'नौसेना नागरिकों का वर्ष' घोषित किया**



- भारतीय नौसेना ने समयबद्ध तरीके से नागरिक मानव संसाधन प्रबंधन के सभी पहलुओं को संबोधित करके नौसेना नागरिकों के प्रशासन, दक्षता और कल्याण में सुधार के लिए 2024 को 'नौसेना नागरिकों का वर्ष' घोषित किया है।
- 2024 में कार्यान्वयन के लिए प्रशासनिक दक्षता, डिजिटल पहल, सामान्य और विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रमों और कल्याणकारी गतिविधियों को अधिकतम करने की दिशा में प्रमुख फोकस क्षेत्रों की पहचान की गई है।
- नौसेना के नागरिक कार्मिक भारतीय नौसेना के कुल कार्यबल का लगभग एक तिहाई हिस्सा बनाते हैं और सभी क्षेत्रों में इसकी परिचालन प्रभावशीलता में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

8. **40,000 रेल बोगियों को वंदे भारत मानकों के अनुरूप बदला जाएगा**




- भारतीय रेलवे को आधुनिक बनाने के कदम में, केंद्र ने 40,000 मानक रेल डिब्बों को वंदे भारत मानकों पर अपग्रेड करने के लिए एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम की घोषणा की है।
- वित्तीय वर्ष 2024-25 (FY25) के लिए अंतरिम बजट पेश करते समय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा घोषित इस पहल का उद्देश्य रेल यात्रा की सुरक्षा, सुविधा और आराम को बढ़ाना है, साथ ही नए माध्यमों से निजी क्षेत्र के रेलवे निर्माताओं को बढ़ावा देना है।

- नियमित रेल डिब्बों को वंदे भारत मानकों के अनुरूप उन्नत करने की पहल रेलवे क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर का प्रतिनिधित्व करती है।

**9. तमिल सुपरस्टार विजय ने अपनी राजनीतिक पार्टी लॉन्च की**



- तमिल सुपरस्टार विजय ने अपनी नई राजनीतिक पार्टी "तमिलगा वेत्री कज़गम" के नाम की घोषणा की है।
- विजय तमिलनाडु में 2026 विधानसभा चुनाव लड़ेंगे, जब एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली डीएमके पार्टी का वर्तमान कार्यकाल समाप्त होगा।
- तमिल फिल्म सुपरस्टार को उनके प्रशंसक प्यार से थलापति के नाम से बुलाते हैं, जिसका अर्थ है जनरल या **कमांडर।**

**10. अभिनव बिंद्रा को 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए मशाल वाहक के रूप में चुना गया**



- ओलंपिक खेलों में भारत के पहले व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा को आगामी 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए मशाल वाहक के रूप में चुना गया है।
- वह 16 अप्रैल से 26 जुलाई तक होने वाली ओलंपिक मशाल रिले का हिस्सा होंगे।
- अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के एथलीट आयोग के सदस्य बिंद्रा ने 2008 में बीजिंग ओलंपिक खेलों में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

**1. अंतर्राष्ट्रीय मानव बंधुत्व दिवस प्रत्येक वर्ष किस दिन मनाया जाता है?**
(a) 1 फरवरी
(b) 2 फरवरी
(c) 3 फरवरी
(d) 4 फरवरी

**2. विश्व कैंसर दिवस कब मनाया जाता है?**
(a) 3 फरवरी
(b) 4 फरवरी
(c) 5 फरवरी
(d) 6 फरवरी

**3. देश का 50 वा भारत रत्न किसे मिलेगा?**
(a) एमएस धोनी
(b) डॉ. मनमोहन सिंह
(c) रतन टाटा
(d) लाल कृष्ण आडवाणी

**4. बनवारी लाल पुरोहित किस राज्य के राज्यपाल थे जिन्होनें अपने पद से इस्तिफा दे दिया है ?**
(a) उत्तर प्रदेश
(b) तेलंगाना
(c) केरल
(d) पंजाब

**5. इन संध्याक को कहां पर कमीशन दिया गया है?**
(a) विशाखापत्तनम
(b) तूतीकोरिन
(c) कोचीन
(d) न्यू मैंगलोर

**6. UPI शुरू करने वाला पहला यूरोपिया देश कौन सा बनना है?**
(a) फ्रांस
(b) USA
(c) UK
(d) China

**7. भारतीय नौसेना ने 2024 को "____________" घोषित किया है।**
(a) नौसेना का वर्ष
(b) नौसेना सेवकों का वर्ष
(c) नौसेना आईएनएस का वर्ष
(d) नौसेना नागरिकों का वर्ष

**8. केंद्र ने बजट 2024 में कितने मानक रेल डिब्बों को वंदे भारत मानकों में अपग्रेड करने के लिए एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम की घोषणा की है?**
(a) 400
(b) 4000
(c) 40000
(d) 400000

**9. तमिल सुपरस्टार विजय ने हाल ही में अपनी राजनीतिक पार्टी लॉन्च की है। पार्टी का नाम क्या है?**
(a) तमिलगा कज़गम
(b) तमिलगा कज़गम
(c) तमिल वेत्री कज़गम
(d) तमिलागा वेट्री कज़गम

**10. 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए मशाल वाहक के रूप में किसे चुना गया है?**
(a) साक्षी मलिक
(b) अभिनव बिंद्रा
(c) गगन नारंग
(d) मैरी कॉम

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (d) | (b) | (d) | (d) | (a) | (a) | (d) | (c) | (d) | (b) |